<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 01.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन में आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों को बताया अस्वीकार्य, कहा – आतंकवाद मानवता के लिए है सबसे बड़ी चुनौती।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की कानून–व्यवस्था को विफल बताते हुए राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा – जनता का भरोसा प्रधानमंत्री मोदी पर है कायम।
- रांची में नई उत्पाद नीति के तहत निजी हाथों से शराब की बिक्री शुरू, 126 दुकानों को लाइसेंस और शराब की कीमतों में बढ़ोतरी।
- देवघर में चौपामोड़ से हंसडीहा तक 37 किलोमीटर फोरलेन निर्माण के लिए टेंडर जारी, 494 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से बनने वाला प्रोजेक्ट जल्द होगा शुरू।
- भूटान में सैफ अंडर–17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत बना चैंपियन, झारखंड की अनुष्का ने फाइनल में गोल कर परचम किया बुलंद।

<u>******************</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने वक्तव्य में, श्री मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की जानी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद से निपट रहा है। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ एकजुटता दिखाने वाले देशों का आभार व्यक्त किया।

<u>******************</u>

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश की जनता का भरोसा है और उनकी अपील जनांदोलन का रूप ले लेती है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने झारखंड की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं बढ़ी हैं और पुलिस अपराध रोकने में विफल रही है।

<u>******************</u>

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि पटना में वोटर अधिकार यात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री और झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने इसे विपक्षी एकता और लोकतंत्र की रक्षा का संदेश बताया। श्री पांडेय ने आरोप लगाया कि एसआइआर की प्रक्रिया भाजपा और चुनाव आयोग की संयुक्त साजिश है, ताकि गरीब और पिछड़े वर्ग को वोट के अधिकार से वंचित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में जनता इंडिया महागठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत देगी।

<u>******************</u>

रांची में नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद आज से खुदरा शराब की बिक्री निजी हाथों से शुरू हो गई। शहर में 126 दुकानों को लाइसेंस आवंटित कर दिया गया है और केवल चुनिंदा ब्रांड ही उपलब्ध होंगे। साथ ही शराब की कीमतों में 100 से 250 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। नई नीति के तहत भारत में बनने वाली विदेशी शराब भी अब महंगी हो गई है।

<u>******************</u>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पूछा है कि उत्पाद विभाग के कागजात एसीबी ने आधी रात को क्यों हटाए। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी फाइलें हटाने के कारण शराब दुकानों के आवंटन में गड़बड़ी हुई थी। उन्होंने मामले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

******************

रांची से उड़ान भरने वाले 24 विमानों के समय में बदलाव किया गया है, जो आज से लागू होगा। यह व्यवस्था 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगी और समय में पाँच मिनट से लेकर आधे घंटे तक का परिवर्तन किया गया है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, पुणे समेत कई शहरों के लिए उड़ानें प्रभावित होंगी। इसके अलावा भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, इंदौर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम के लिए ट्रांजिट एयर सेवा भी शुरू की जाएगी।

******************

व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत आज से 51 रुपये 50 पैसे कम हो गई है। तेल विपणन कंपनियों ने बताया कि अब दिल्ली में 19 किलोग्राम का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर एक हजार पांच सौ अस्सी रुपये में मिलेगा। हालांकि 14 किलो 200 ग्राम के घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद एनएचएआई ने देवघर में चौपामोड़ से हंसडीहा तक 37 किलोमीटर लंबे फोरलेन निर्माण का टेंडर जारी कर दिया है, जिस पर 494 करोड़ 86 लाख रुपये खर्च होंगे। टेंडर प्रक्रिया 2 अक्टूबर तक पूरी होगी और 3 अक्टूबर को टेंडर खोला जायेगा, जिसके बाद इस वर्ष ही निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यह फोरलेन हंसडीहा–महागामा फोरलेन से सीधे जुड़ेगी, जिससे देवघर से गोड्डा की दूरी एक घंटे में पूरी हो सकेगी।

******************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में यंग इंडिया पार्लियामेंट का दो दिवसीय कार्यक्रम कल शाम सम्पन्न हुआ, जिसमें शिक्षा, रोजगार, नीति निर्माण और समाज सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। समापन सत्र में मुख्य अतिथि जमशेदपुर के सीनियर एसपी पीयूष कुमार पांडेय ने युवाओं से समाज सुधार और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, साथ ही नशा मुक्ति और साइबर अपराध से बचाव जैसे विषयों पर उनकी जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

******************

देवघर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े की शुरुआत प्रभात फेरी निकालकर की गई। इसमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी. पी. सिंह समेत चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीसी, प्रशिक्षु एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।

******************

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने रामगढ़ जिले के हज़ारों लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

******************

भारतीय शेयर बाजार आज बढ़त के साथ खुले। दोपहर के कारोबार में आईटी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शेयरों में तेजी रही। आज सप्ताह के पहले दिन शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 337 अंक बढ़कर 80 हजार 146 पर पहुँच गया, जबकि निफ्टी 118 अंक बढ़कर 24 हजार 545 पर पहुँच गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 97 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 26 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

झारखंड ने पेरालंपिक नेशनल चैंपियनशिप में कुल 13 पदक जीते, जिसमें 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 9 कांस्य शामिल हैं। रोहन रविदास ने शॉर्ट पुट में और अभिनव उत्कर्ष ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीते। लांग जंप, दौड़ और जेवलिन थ्रो समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में झारखंड के खिलाड़ियों ने सफलता हासिल किया।

******************

भूटान के थिंपू में आयोजित सैफ अंडर–17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत की टीम चौंपियन बनी। 22 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड की 7 खिलाड़ी शामिल थीं, जिसमें फाइनल में अनुष्का और दिव्यानी लिंडा अंतिम 11 में रहीं। अनुष्का ने फाइनल में गोल कर झारखंड का परचम बुलंद किया और पूरे टूर्नामेंट में कुल 5 गोल किए।

******************